**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**20.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**बैठक**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला से वर्चुअल माध्यम से जिला हमीरपुर के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इन्हें समयबद्ध पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को बेसहारा जानवरों से जुड़ी समस्या का समाधान करने व किसानों को राहत देने के लिए गौ–अभ्यारण्य के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने के निर्देश दिए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को नादौन ब्लॉक की हरेटा पंचायत में 7 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली इको टूरिज्म परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**सीसीआई स्थापना दिवस**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि बाजार नियमन और स्वतंत्रता के बीच एक सही संतुलन की आवश्यकता है विशेषकर तब जब बढ़ती भू–राजनीतिक और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के बीच भारत घरेलू विकास पर अधिक निर्भर हो रहा है। नई दिल्ली में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग –सीसीआई के वार्षिक दिवस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में विश्व कई व्यापक व्यवधानों का साक्षी बना है। इस कारण मजबूत, उत्तरदायी और दूरदर्शी संस्थाओं की आवश्यकता उत्पन्न हुई। सीसीआई की भूमिका का उल्लेख करते हुए निर्मला सीतारामन ने कहा कि आयोग ने बाजार में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे एक गतिशील भारतीय अर्थव्यवस्था सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित भारत बनने का आकांक्षी है।

**दृष्टिहीन संघ**

बैकलॉग कोटे की भर्तियों की मांग को लेकर एक बार फिर से दृष्टिहीन संघ ने शिमला में राज्य सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया जिससे दोनों तरफ गाड़ियों की कतारें लग गई। दृष्टिहीन संघ को शिमला में आंदोलन करते हुए 5 सौ 81 दिन हो गए हैं लेकिन सरकार इनकी मांगो को अनदेखा कर रही है जिसके चलते दृष्टिबाधित संघ बार बार सचिवालय के बाहर चक्का जाम कर रहा है। संघ के सदस्य लक्की ने बताया कि बैक लॉग कोटे की भर्तियां लंबे समय में लटकी है। सरकार से कई दौर की वार्ता के बाद भी परिणाम सकारात्मक नहीं आए जिसके चलते मजबूरजन चक्का जाम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भी हर बार आश्वासन दिया लेकिन भर्तियां नहीं हुई और न ही पेंशन बढ़ाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार जबतक बैक लॉग कोटे की भर्तियों को नहीं करती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**किसान मंच**

तुर्कीए के सेब आयात को बंद करने की मांग लगातार ज़ोर पकड़ रही है। हिमाचल प्रदेश संयुक्त किसान मंच ने आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस संबंध में एक ज्ञापन भेजा है। किसान मंच के अध्यक्ष हरीश चौहान ने कहा कि तुर्कीए के सेब आयात होने से हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर के बागवानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तुर्की से सेब आयात पर केन्द्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**सड़क समस्या**

चम्बा जिला के भरमौर की बंदला पंचायत में लकड़ा से रेणपानी तक करीब 8 सौ मीटर सड़क निर्माण का कार्य पिछले साल पूरा हुआ था लेकिन सड़क निर्माण के एक सप्ताह के बाद भूस्खलन के कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग से इस मार्ग को बहाल करने का आग्रह किया लेकिन इतना समय बीत जाने के बावजूद इस कार्य को पूरा नहीं किया गया। सड़क सुविधा न होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।